दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, रविवार 16 अप्रैल 2023
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

सरकार फैक्ट चेक करेगी

यह विशुद्ध रूप से खबर को नियत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियत्रित करने का प्रयास कर रही है।

अभी एक महीना नहीं हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक अंग्रेजी अखबार के कार्यक्रम में कहा था कि फेक न्यूज विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है और साथ ही इससे लोकतात्रिक मूल्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है और अब केंद्र सरकार फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए फैक्ट चेक का कानून लेकर आ गई है। सरकार इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइलाइंस एंड डिजिटल मीडिया इथिक्स कोड) रूल्स, 2021 को लागू करने जा रही है।

इस कानून के पहले मसौदे में कहा गया था कि प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो यानी पीआईबी की ओर से बताया जाएगा कि सरकार से जुड़ी कौन सी खबर फर्जी है और उसे सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाना होगा। अब सरकार ने इसमें थोड़ा संशोधन किया है। इसमें से पीआईबी को हटा दिया गया है और उसकी जगह सरकार ने एक फैक्ट चेक यूनिट बनाने को कहा है। इस यूनिट की ओर से जिस खबर को फर्जी बताया जाएगा उसे हर जगह से हटाना पड़ेगा। यह कानून लागू होने का मतलब है कि तमाम ऑनलाइन इंटरमीडियरीज जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि से लेकर इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात माननी होगी और उसकी बताई खबर को हटाना होगा। सरकार इसे चाहे जो कहे लेकिन यह विशुद्ध रूप से खबर को नियत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियत्रित करने का प्रयास कर रही है। हालाकि वहां सरकार और सत्तारूढ़ दल का आईटी सेल का बनाया नैरेटिव ही ज्यादा चर्चा में रहता है और ज्यादा फेक न्यूज उनकी तरफ से प्रचारित किया जाता है। फिर भी जो थोड़े बहुत स्वतंत्र यूट्यूब चैनल या सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं उनको इसके जरिए नियत्रित किया जा सकता है। इस कानून में विवाद की स्थिति में मध्यस्थता का भी कोई प्रावधान नहीं है। अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या उसके यूजर को लगता है कि सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात सही नहीं है तो उसे इसे अदालत में ही चुनौती देनी होगी। तभी ज्यादा संभावना इस बात की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां कानूनी मुकदमों में उलझने की बजाय सरकार की बताई खबर को हटाने का विकल्प चुनेंगे। ऐसे में निष्पक्ष और तटस्थ या सरकार विरोधी खबरों का स्पेस और कम होगा।

क्रिप्टो करेंसी पर बनेगा वैश्विक कानून! वित्त मंत्री सीतारमण की मांग पर जी20 देशों ने जताई सहमति

नई दिल्ली। देश और दुनिया में क्रिप्टो करेंसी में बढ़ते निवेश और इससे जुड़े मुद्दों को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चिंता जाहिर की है। फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण की मांग पर जी20 सदस्य देश इस बात पर सहमत हैं कि क्रिप्टो करेंसी को लेकर एक ग्लोबल फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है और जी20 देशों को यह सुनिश्चित करना है कि अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जाए।

वहीं, जी20 सदस्य देशों ने कहा कि इससे न सिर्फ क्रिप्टो से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी बल्कि इसका नियमन भी हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सदस्य देशों ने इस पर सहमति जताई है और जल्द ही इसे लेकर कार्य योजना बनाई जाएगी।

बता दें कि आईएमएफ मुख्यालय में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के साथ क्रिप्टो एसेट्स के मैक्रोफाइनेंशियल इम्प्लिकेशन्स पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने विचार रखे।

फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने कहा कि समूह देशों ने तत्परता के साथ इस मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त की है और जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मामलों पर एक 'संश्लेषण पत्र' लाया जाएगा जो जिसमें विभिन्न विचारों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जी20 के सदस्य इस बात को लेकर सहमत हैं कि क्रिप्टो संपत्तियों पर कोई भी कार्रवाई वैश्विक होनी चाहिए।

बता दें कि भारत सरकार क्रिप्टो संपत्तियों के नियमन को लेकर काम कर रही है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी इस मांग को उठा रही है। वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना बैठकों के अलावा निर्मला सीतारमण, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने समूह के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की एक बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में क्रिप्टो करेंसी और उससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में बात की गई।

ट्विटर यूजर्स को तोहफा, अब 10000 अक्षरों में ट्वीट कर सकेंगे लोग

नई दिल्ली। एलन मस्क लगातार ट्विटर को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब ट्विटर के कंटेंट पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया गया है। नए बदलाव के बाद अब ट्विटर यूजर्स 280 नहीं बल्कि 10,000 अक्षरों में ट्वीट कर सकेंगे। इसके अलावा ट्विटर पर टेक्स्ट फॉर्मेटिंग की सुविधा भी उपलब्ध की जाएगी। हालांकि ये सर्विस सिर्फ उन यूजर्स को मिलेगी जो ट्विटर ब्लू को सब्सक्राइब कर चुके हैं।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्विटर पर कैरेक्टर लिमिट के बढ़ने से अब लोग अपनी भावनाओं को बेहतर और स्पष्ट तरीके से व्यक्त कर पाएंगे। वहीं अब लंबे ट्वीट करने पर लोगों को कैरेक्टर लिमिट खत्म होने की चिंता भी नहीं होगी।

ट्विटर ने इस अपडेट के बारे में बताते हुए कहा कि हम ट्विटर पर लिखने और पढ़ने के अनुभव में सुधार कर रहे हैं! आज से ट्विटर अब बोल्ड और इटैलिक टेक्स्ट फॉर्मेटिंग के साथ 10,000 अक्षरों तक के ट्वीट्स का समर्थन करता है। नई सुविधाओं का उपयोग करने के लिए ट्विटर ब्लू को साइन अप करना होगा।

आनलाइन सट्टेबाज कंपनी का साथ देकर मुश्किल में फंसे मैकुलम

लंदन। ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने के चलते इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच शुरू की है।

मैकुलम को साल के शुरू में सट्टेबाजी कंपनी '22बेट' ने अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था और वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आये थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने यह जानकारी खुद 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा कर की थी।

बीबीसी के हवाले से ईसीबी ने कहा, सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम उसका पालन करना सुनिश्चित करते हैं। हम मैकुलम और 22बेट के रिश्तों को लेकर बात कर रहे हैं। हालांकि वह अभी किसी जांच के दायरे में नहीं है।

न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी.

गोयल ने इतालवी उद्यमियों को भारत में निवेश के अवसरों की ओर किया आकर्षित

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इटली की अपनी यात्रा में वहां के उद्यमियों को भारत के साथ कारोबार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश इस समय निवेश के लिए विश्व के सबसे विश्वसनीय बाजारों में से एक है और यहां अनेकानेक अवसरों की भरमार है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्रालय का भी प्रभार है।

गोयल ने रोम में कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक खुली अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर उसके संपर्क हैं। भारत यूरोपीय संघ के बीच मुक्त समझौते की वार्ता चल रही है।

श्री गोयल ने भारत-इटली की भागीदारी के लक्ष्य ऊंचे होने चाहिए क्योंकि हाल में इसको रणनीतिक स्तर की भागीदारी का रूप दिए जाने से इसके लिए अब नयी नयी संभावनाएं बनी हैं। वाणिज्य मंत्री ने वहां बताया कि किस तरह भारत का वैश्विक बाजारों के साथ कारोबार फैल रहा है और पिछले दो साल में देश के कुल निर्यात में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि इस समय भारत में इटली की करीब 700 कंपनियां काम कर रही है भारत में कारोबार जमाने का यह सबसे अच्छा समय है। मंत्री ने कहा कि भारत कारोबार के लिए मजबूत भविष्योन्मुखी नीतियां प्रस्तुत करेगा जिसमें आवश्यकतानुसार पिछली तिथि से प्रभावी सुधार किए जा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में इटली के उप-प्रधानमंत्री और व्यापार मंत्री एंटोनियो तजानी ने भी भाग लिया और कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य की एक अच्छी राह बनाने और उस पर सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

रोम में सीईओ बिजनेस इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कॉन्फिंडस्ट्रिया के सहयोग से रोम, इटली में भारत के दूतावास द्वारा किया गया था। इस सत्र में भारतीय और इतालवी कंपनियों के 70 से अधिक सीईओ ने भाग लिया।

शेयर म्युचुअल फंड योजनाओं में 20.5 हजार करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश

मुंबई। बाजार में अनिश्चितताओं के बावजूद देश में शेयरों निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं को निवेशकों का समर्थन जारी है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की मार्ग 2023 की स्थिति पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार आलोच्य माह में म्यूचुअल फंड उद्योग की विभिन्न योजनाओं में 20.5 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी का शुद्ध निवेश प्राप्त हुआ । फरवरी माह में इक्विटी म्यूचुअलफंड में शुद्ध पूंली प्रवाह 15 हजार 700 करोड़ रुपये के आस पास थे

एएमएफआई की रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2023 को म्यूचुअल फंड की बांड और शेयर आदि सभी योजनाओं में प्रबंधनाधीन सम्पत्ति 40,04,637.60 करोड़ रुपये के बराबार रही जिसमें फंड ऑफ फंड्स योजनाओं की 66,590.41 करोड़ रूपये की सम्पत्ति भी शामिल है।

मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने मार्च के आकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा, एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में इच्टिी (शेयर) में निवेशकों का विश्वास कायम रहा। नकारात्मक समाचारों के प्रवाह के बावजूद, निवेशकों का प्रवाह तेज बना रहा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, इक्वटी निवेशकों ने बाजार में सबसे अस्थिर समय में से एक के माध्यम से प्रवाह में मंदी की चिंताओं को खारिज कर दिया है।

ताजा रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंत होने के कारण मार्च 2023 में निवेशकों ने कर बचत के लिए शेयर से सम्बद्ध बचत योजनाओं वाले कोषों में सकल 4.2 हजार करोड़ का निवेश किया जो फरवरी के 2.3 हजार करोड़ रुपये के सकल प्रवाह की तुलना में 84 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

श्री चतुर्वेदी ने कहा कि थीमैटिक/सेक्टोरल फंड्स में महीने दर महीने उच्चतम प्रवाह जारी है। स्मॉल कैप फंडों ने हाल के महीनों के रुझान के आधार पर प्रवाह गति प्राप्त करना जारी रखा। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि डिविडेंड यील्ड फंड्स ने डिविडेंड फैक्टर इंडेक्स के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हुए उच्चतम प्रवाह को आकर्षित किया। आलोच्य माह में हाइब्रिड फंड्स से 12.4 हजार करोड़ की शुद्ध निकासी देखी गयी।

ब्रुक के तूफान से कोलकाता पस्त, सनराइजर्स 23 रन से जीता

कोलकाता। हैरी ब्रूक (100 नाबाद) का तूफानी शतक और तीसरे विकेट के लिये कप्तान एडन मार्कम (50) के साथ 72 रनो की भागीदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर को 23 रन से हरा दिया।

ईडन गार्डन मैदान पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में कोलकाता सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की जीत में इंग्लैंड के स्टाइलिश बल्लेबाज ब्रुक की भूमिका अहम रही जिन्होने आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहला शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया। ब्रुक ने मात्र 55 गेंदो पर 12 चौकों और तीन छक्के उड़ाये।

सनराइजर्स के स्कोर का पीछा करने उतरे कोलकाता ने शुरूआती झटकों के बाद संभल कर खेलना शुरू किया। कप्तान नीतिश राणा (75) ने एक छोर पर डट कर मेहमान गेंदबाजों का साहस के साथ सामना किया और दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (58 नाबाद) के साथ 69 रनो की उपयोगी भागीदारी निभायी। लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रही इस भागीदारी को टी नटराजन ने तोडा जब राणा उनकी गेंद पर डीप कवर पर वशिंगटन सुंदर के हाथों आउट हो गये। इसके बावजूद रिंकू का आतिशी अंदाज नहीं बदला और उन्होने चार चौके और चार छक्के लगाकर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। राणा ने 41 गेंदो में पांच चौके और छह छक्के लगाये। इन दोनो के अलावा नारायण जगदीसन (36) ही कोलकाता के लिये रन जुटा सके मगर टीम की हार को नहीं बचा सके।

इससे पहले ब्रुक को आउट करने के लिये कप्तान राणा ने अपने सात गेंदबाजों आजमाये मगर मैदान पर रनो की बारिश रोकने में सभी के सभी असहाय नजर आये। दो विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आये मार्कम ने दूसरे छोर पर दर्शनीय अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक का भरपूर साथ दिया। मार्कम ने मात्र 26 गेंदों की संक्षिप्त पारी में चौकों छक्कों की बारिश कर दी। उनको वरूण चक्रवर्ती ने अपनी गुगली के जाल में फंसाया और मिड विकेट बाउंड्री पर खड़े आंद्रे रसेल के हाथों कैच आउट करा तूफान को आंशिक विराम दिया। मार्कम ने पांच छक्के और दो चौके लगाये।

पेट की गंदगी को साफ कर देगा अनानास के छिलके का डिटॉक्स ड्रिंक

चटपटे और ज्यूसी फ्लेवर के वजह से लोग खूब चाव से पाइनएप्पल या अनानास का फल खाना पसंद करते हैं। हम जब भी पाइनएप्पल खाते हैं तो सबसे पहले इसका छिलका उतारकर फेंक देते हैं। लेकिन शायद ही आप जानते होंगे कि जिन छिलकों को आप कचरा समझकर फेंक देते हैं, दरअसल उन छिलकों में विटामिंस और एंटीऑक्सीडेंट का भरपूर खजाना होता है। जी हां, आपने हमें सही सुना पाइनएप्पल के खुरदरे और मजबूत बाहरी हिस्से को आपके कचरे के डिब्बे में फेंकने के बजाय आप इससे एक स्ट्रॉन्ग डिटॉक्स वाटर तैयार कर सकते हैं। अनानास के फल और छिलके में विटामिन सी होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। गर्मियों में पाइनएप्पल के छिलकों से बना डिटॉक्स वाटर न सिर्फ आपके पेट की सफाई करेगा बल्कि आपके बालों और स्किन को हेल्दी बनाएं रखेगा।

स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड्स और बीटा-कैरोटीन एंटीऑक्सीडेंट पाएं जाते हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट हानिकारक विषाक्त पदार्थों को निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। पाइनएप्पल के छिलके में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को घटाकर हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। दांतों और मसूड़ों के लिए गुणकारी पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी की मात्रा खूब होती है, जो इम्यूनिटी मजबूत करने के साथ ही शरीर को संक्रमण से लडऩे में मदद करता है। विटामिन सी मसूड़ों की बीमारी से बचाव करते हुए दांतों के इनेमल को मजबूत रखकर कैविटी को रोकने में मदद करता है। जिससे समय के साथ दांत खराब हो जाते हैं। पाइनएप्पल में खूब पानी होता है जो हाइड्रेटेड रखने के साथ अपके ओरल हेल्थ को भी प्रमोट करता है।

पेट साफ करके वजन घटाएं उबले हुए पाइनएप्पल के छिलके के पानी में बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन में सहायता करता है और जिससे आपका पेट भरा हुआ रहता है। अनानास के छिलके में मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को साफ करके और नियमितता को बढ़ावा देकर शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है। हड्डियों को मजबूत करता है अनानास के छिलके में मैंगनीज और बीटा कैरोटीन मौजूद होते हैं, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करती है और इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं।

स्किन, हेयर और नाखूनों को रखता है हेल्दी अनानास के छिलके को उबालकर पीने से आपकी रंगत में निखार आता है और ग्लोइंग मिलती है। अनानास के छिलके में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट आपके बालों और नाखूनों के लिए भी फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये फ्री रेडिकल डैमेज से बचाने के साथ ही यूथफूल स्किन मैंटेन बनाए रखता है। ऐसे बनाएं डिटॉक्स ड्रिंक एक बड़े अनानास के सभी छिलकों को छिलकर एक सॉस पैन में पानी के साथ अनानास के कुछ टुकड़ों के साथ डुबा दें, और फिर इसे 25 से 35 मिनट के लिए धीमी आंच पर उबलने दें। आंच बंद कर दें और इस ड्रिंक को छानने से पहले इस मिश्रण को और 30 मिनट के ऐसे ही रहने दें। इसके बाद इसमें चाहे तो कोई स्वीटनर मिलाकर इसे पी सकते हैं।

रानी मुखर्जी मर्दानी 3 के साथ करेंगी वापसी, अभिनेत्री ने दिया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड इंडस्ट्री की चहीती एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की हालिया रिलीज फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई है। इस फिल्म में रानी ने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई, जो अपने बच्चे की कस्टडी पाने के लिए हर मुश्किल से लड़ जाती है। वहीं, रानी ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में इस फिल्म को लेकर बात की है। साथ ही अपनी सुपरहिट मूवी 'मर्दानी' की फ्रेंचाइजी 'मर्दानी 3' पर भी बड़ा अपडेट देती नजर आई हैं।

गौरतलब हो कि 'मर्दानी' में रानी मुखर्जी ने पुलिस आफिसर की भूमिका निभाई थी।

इस फिल्म में उनके हटके किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा और मूवी फ्रेंचाइजी को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब लेटेस्ट इंटरव्यू में रानी ने 'मर्दानी 3' पर बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह फिर से पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाना पसंद करेंगी।

शब्द सामर्थ्य- 35

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

सू-दोकू- 35

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 034 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

आज का राशिफल

मेष : आज आपका मन अनमना सा रहेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृष : धनहानि को बचाना है। व्यापार व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है। लापरवाही न करें। कार्य करते समय चोट लग सकती है। गृहिणियां विशेष ध्यान रखें। जल्दबाजी से बचें। अकारण विवाद हो सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। संतान को समय दें।

मिथुन : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेशादि सोच-समझकर करें। बाहर लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। जीवन सुखमय गुजरेगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होगी।

कर्क : किसी मांगलिक व आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। शैक्षणिक व शोध इत्यादि रचनात्मक कार्य के परिणाम सुखद मिलेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

सिंह : दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। विवाद से बचें व क्रोध न करें। कोई बड़ा काम तथा लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पुराने विवादों का समापन होगा।

कन्या : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

तुला : नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। बेरोजगारी दूर होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

वृश्चिक : लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से आत्मसम्मान कम हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि के योग हैं। जोखिम न लें। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी।

धनु : डूबी हुई रकम प्राप्ति की संभावना बनती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि संभव है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बुद्धि के कार्य करें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

मकर : सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। लंबी व्यावसायिक यात्रा की योजना बन सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। काम पर पूरा ध्यान दे पाएंगे।

कुंभ : योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

मीन : व्यापार ठीक चलेगा। दूर से समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।